राज्यपाल सचिवाल
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र ने पूर्व राज्यपाल श्री कल्याण सिंह के निधन पर जताया गहरा शोक

राज्यपाल श्री मिश्र ने भावुक होते हुए आत्मीयता से जुड़े रिश्तों को किया याद

जयपुर, 21 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजस्थान के पूर्व राज्यपाल और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री कल्याण सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री मिश्र ने कहा कि उनका निधन राजनीति के एक युग का अवसान है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने उन्हें याद करते हुए कहा कि राजनीति की वह बड़ी शख्सियत ही नहीं थे बल्कि वह ऐसे जननेता थे जिन्हें जनता मन से प्यार करती थी। उन्होंने उत्तर प्रदेश में श्री कल्याण सिंह के मुख्यमंत्रीत्व और अपने अध्यक्ष पद रहते के समय को स्मरण करते हुए कहा कि राजनीति में दृढ़ निश्चय और संकल्प रख कार्य करने वाले और रिश्तों की गरिमा निभाने वाले वह विरल व्यक्तित्व थे। भावुक होते हुए उन्होंने कहा कि आरम्भ से ही आत्मीयता के साथ छोटे भाई सा स्नेह उन्होंने दिया। उनका जाना अपने अस्तित्व से जुदा होने जैसा है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

———